मक्का फसल में फॉल आर्मी वर्म प्रबंधन हेतु बैठक सह प्रशिक्षण संपन्न

कृषि विज्ञान केन्द्र उमरिया में मक्का फसल में फॉल आर्मी वर्म प्रबंधन एवं कृषकों की आय दोगुनी करने हेत एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 13.06.2019 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार मौर्य की उपस्थिति में किया गया । उक्त कार्यक्रम में श्री मौर्य ने जिले के समस्त कृषि अधिकारियों से उन्नत कृषि तकनीकों को कृषकों तक पहुंचाने का आह्वान किया । कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ के पी तिवारी ने मक्का फसल में फॉल आर्मी वर्म प्रबंधन के विषय में विस्तार से जानकारी दी । उपसंचालक कृषि श्री आर. के. प्रजापति ने कृषकों की आय दोगुनी करने के लिये कृषि की उन्नत तकनीकों जैसे एस पी आई, एस आर आई आदि को कृषकों हेतु महत्वपूर्ण बताया । उक्त अवसर पर जिले के समस्त सहायक संचालक कृषि, वरिष्ठ एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे । कार्यक्रम के दौरान केन्द्र के अन्य वैज्ञानिक डॉ नम्रता जैन, डॉ विवके बाल्के एवं अरूण रजक तथा कृषक मित्र अनुराग शुक्ला उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्षन केन्द्र की वैज्ञानिक डॉ विनीता सिंह ने किया

।

मक्का फसल में फाल आर्मी वर्म
मक्का फसल में
फॉल आर्मी वर्म कीट का प्रबंधन
कृषि विज्ञान केन्द्र, उमरिया